उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,
पिकप भवन, तृतीय तल, गोमतीनगर,
लखनऊ – 226010

संख्या- 97 /07/कम्प्यूटर अनुभाग (बारह)/2023-24/05-परीक्षा/2022
लखनऊ : दिनांक : 23 नवम्बर, 2024

आवश्यक सूचना

आयोग के विज्ञापन संख्या-05-परीक्षा/2022, मुख्य सेविका मुख्य परीक्षा(प्रा०अ०प०-2021)/05 के अंतर्गत बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार उ०प्र०, लखनऊ के नियंत्रणाधीन मुख्य सेविका के 2693 पदों पर चयन हेतु भारत के नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गये थे, जिसमें ऑनलाइन आवेदन / शुल्क जमा/ आवेदन सबमिट करने की अंतिम तिथि 24.08.2022 थी। प्रश्नगत विज्ञापन के अंतर्गत लिखित परीक्षा दिनांक 24.09.2023 को आयोजित की गयी थी।

सूच्य है कि आयोग की आवश्यक सूचना संख्या-195/214/चार/आयोग/2021, दिनांक 21 नवम्बर, 2024 द्वारा प्रश्नगत विज्ञापन के सापेक्ष मा० उच्च न्यायालय, इलाहाबाद में योजित रिट याचिका संख्या-12924/2022, अनीता सिंह तथा अन्य प्रति यूनियन ऑफ इण्डिया तथा अन्य में मा० उच्च न्यायालय द्वारा दिनांक-13.11.2024 को पारित आदेश के अनुपालन में पूर्व में विज्ञापित कुल 2693 पदों में से 126 पदों को रिक्त रखने के उपरान्त अवशेष 2567 पदों के लम्बवत / क्षैतिज आरक्षणवार विवरण की सूचना प्रकाशित की गयी थी। तदनुसार प्रश्नगत विज्ञापन के अंतर्गत रिक्त 2567 पदों के सापेक्ष लिखित परीक्षा के स्कोर (नार्मलाइज्ड) के आधार पर अर्हता / अभिलेख परीक्षण हेतु अर्ह पाये गये कुल 8337 अभ्यर्थियों का परिणाम एवं कटऑफ अंक मा० आयोग द्वारा दिनांक 23.11.2024 को अनुमोदित किया गया है।

अर्हता/अभिलेख परीक्षण हेतु अर्ह अभ्यर्थियों का उक्त परिणाम मा० उच्च न्यायालय में योजित रिट याचिका संख्या-12924/2022, अनीता सिंह तथा अन्य प्रति यूनियन ऑफ इण्डिया तथा अन्य में मा० न्यायालय द्वारा पारित होने वाले अंतिम आदेश तथा मा० न्यायालय में विचाराधीन / भविष्य में योजित होने वाली रिट याचिकाओं में पारित होने वाले आदेशों के अधीन होगा।

अर्हता/अभिलेख परीक्षण हेतु अर्ह अभ्यर्थियों का उक्त परिणाम अंतिम चयन परिणाम नहीं है। अतएव अर्हता/अभिलेख परीक्षण हेतु घोषित इस परिणाम में सम्मिलित होने के आधार पर अंतिम चयन हेतु किसी प्रकार का दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा। चयन सम्बन्धी अंतिम परिणाम अर्हता/अभिलेख परीक्षण के उपरांत यथासमय घोषित किया जायेगा।

प्रश्नगत विज्ञापन की लिखित परीक्षा के स्कोर (नार्मलाइज्ड) के आधार पर अर्हता / अभिलेख परीक्षण हेतु अर्ह उक्त 8337 अभ्यर्थियों के अर्हता/अभिलेख परीक्षण कार्यक्रम की सूचना यथासमय पृथक से प्रकाशित की जायेगी।

तदनुक्रम में सम्बन्धित अभ्यर्थियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि विज्ञापन संख्या-05-परीक्षा/2022, मुख्य सेविका मुख्य परीक्षा (प्रा०अ०प०-2021)/05 की लिखित परीक्षा के स्कोर (नार्मलाइज्ड) के आधार पर अर्हता / अभिलेख परीक्षण हेतु अर्ह पाये गये 8337 अभ्यर्थियों का परिणाम तथा गोपन अनुभाग के पत्र संख्या-1013/गोपन अनुभाग/1/5/2023/2024, दिनांक 23.11.2024 द्वारा संसूचित उक्त परिणाम से संबंधित कट ऑफ अंक (01 पृष्ठ) यथावत आयोग की वेबसाइट **upsssc.gov.in** पर अपलोड कर दिये गये हैं। सम्बन्धित अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट के **Home Page** पर उपलब्ध **Results Segments** पर जाकर वांछित प्रविष्टियां अंकित कर अपना परिणाम ऑनलाइन देख सकते हैं।

संलग्नक- यथोपरि।

23/11/2024

(अवनीश सक्सेना)
सचिव।

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
पिकप भवन, तृतीय तल, गोमतीनगर, लखनऊ।
संख्याः– 1013 /गोपन अनुभाग/1/5/2023/2024
लखनऊः दिनांक 23 नवम्बर, 2024

विज्ञापन संख्या–05–परीक्षा/2022, मुख्य सेविका मुख्य परीक्षा–(प्रा0अ0प0–2021)/05 के अन्तर्गत विज्ञापित मुख्य सेविका पद पर चयन हेतु आयोजित लिखित परीक्षा के स्कोर (नार्मलाइज्ड) के आधार पर अर्हता/अभिलेख परीक्षण के लिए अर्ह अभ्यर्थियों का श्रेणीवार कटऑफ अंक–

लम्बवत आरक्षण

क्रम सं०	श्रेणी	कटऑफ अंक (नार्मलाइज्ड स्कोर)
1	अनारक्षित	52.4525
2	अनुसूचित जाति	52.4525
3	अनुसूचित जनजाति	46.7241
4	अन्य पिछड़ा वर्ग	52.4525
5	आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग	52.4525

क्षैतिज आरक्षण

क्रम सं०	श्रेणी		कटऑफ अंक (नार्मलाइज्ड स्कोर)
1	स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रित		41.5412
2	दिव्यांगजन	बी0/एल0वी0	27.9021
		डी0/एच0एच0	08.2617
		डी0डब्ल्यू0	27.1770
3	महिला		केवल महिला अभ्यर्थी ही पात्र हैं।
4	सैन्य वियोजित/भूतपूर्व सैनिक		अभ्यर्थी उपलब्ध नहीं हैं।
5	उत्कृष्ट खिलाड़ियों हेतु		30.3638

23/11/2024

(अवनीश सक्सेना)
सचिव।